9JAN - janj PG-01_Layout 1 5/9/2025 10:20 PM Page 1

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 10 मई 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

2 लोगों की समस्याएं जानने घर-घर जा रही सरकार



## खबर संक्षेप

### सेजेस हसौद में लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन आज

**हसौद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हसौद में सत्र 2025 - 26 के प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया 10 मई 2025 को प्रातः 10 बजे संपादित होगी। तत्पश्चात प्राथमिकता क्रम में वेटिंग लिस्ट से प्रवेश दिया जाएगा। इस प्रक्रिया में विभिन्न कक्षाओं का लाटरी के माध्यम से सीट आबंटन किया जाना है लाटरी प्रक्रिया से चयनित विद्यार्थियों की भर्ती 11 मई से 15 मई तक होगी।इस लाटरी प्रक्रिया में जिला शिक्षा अधिकारी सक्ति द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि के नेतृत्व में, तथा जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 जिला सक्ति, जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 23 जनपद पंचायत जैजैपुर, सरपंच ग्राम पंचायत हसौद,अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सेजेस हसौद तथा पालकों तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### सुशासन तिहार के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय इवेंट का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** सुशासन तिहार के अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम ने लोगों में शासन की योजनाओं के प्रति विश्वास को और मजबूत किया। कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साह से भागीदारी की और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। एक दिवसीय इवेंट का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना, योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद स्थापित करने के साथ ही प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार को जनसामान्य में प्रसारित करना था। जिला मुख्यालय जांजगीर में आयोजित कार्यक्रम में विविध मनोरंजन और खेल गतिविधियां आयोजित की गई, इसके साथ ही शासकीय योजनाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी। खेल प्रतियोगिता, मनोरंजक खेल, पारंपरिक लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल रहीं।

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का 14 को होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 14 मई बुधवार को प्रातः 11 बजे दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक बाम्बे इंटीग्रेटेड सिक्युरिटी इंडिया लिमिटेड रायपुर द्वारा सुरक्षा गार्ड के 50 पद एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के 10 पदों पर भर्ती की कार्यवाही कर जावेगी। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है।

## शासकीय, अर्द्धशासकीय व अशासकीय संस्थानों में होना है गठन

# जिले के तीन सौ से अधिक कार्यालयों में आंतरिक परिवाद समिति का पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिशेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत जिले में 10 से अधिक स्टाफ वाले शासकीय, अर्द्धशासकीय और अशासकीय संस्थानों मे आंतरिक परिवाद समिति का गठन करना है, लेकिन जिले के 3 सौ से अधिक संस्थानों में इस समिति का कही कोई अता पता नहीं है। बताया जाता है कि ले देकर 108 जगहों पर यह समिति जैसे तैसे चल रही है, बाकी जगहों पर गठन तो दूर की बात कईयों को इस बारे में जानकारी तक नहीं है।

गौरतलब है कि शासन के नियमानुसार महिलाओं के कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के उत्पीड़न संबंधी शिकवा शिकायत के निराकरण के लिए महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के तहत प्रत्येक शासकीय, अर्द्धशासकीय व अशासकीय संस्थान जहां कार्यरत कर्मचारियों की संख्या 10 या इससे अधिक है, में आंतरिक परिवाद समिति का गठन अनिवार्य रूप से किया जाना है, लेकिन जिले के 75 फीसदी संस्थानों में इस समिति का कही कोई अता पता नहीं है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक जिले में 4 सौ से अधिक शासकीय, अर्द्धशासकीय व अशासकीय संस्थान इस दायरे में है, जहां इस समिति का गठन का होना अनिवार्य है, लेकिन जांजगीर चांपा जिले में तकरीबन 108 संस्थानों में ही यह समिति गठित हो पाई है।

### 50 हजार तक का हो सकता है जुर्माना

नियमानुसार आंतरिक परिवाद समिति का कार्यकाल तीन वर्ष का होना है। खास बात यह है कि ऐसे कार्यस्थल कार्यालय शासकीय,अर्द्धशासकीय व निजी उपक्रम जहां आंतरिक समिति का गठन नहीं हुआ है, उन पर 50 हजार रुपए का जुर्माना करने का भी प्रावधान है।



### क्या है आंतरिक परिवाद समिति गठन के प्रावधान

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन हेतु ऐसे सभी विभाग, संगठन, उपक्रम, प्रतिष्ठान, उद्यम, संस्थान, कार्यालय, शाखा अथवा इकाई जो प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सरकार, स्थानीय प्राधिकरण, सरकारी कम्पनी, निगम, सहकारी सोसाइटी द्वारा प्रदत्त निधियों द्वारा स्थापित, स्वामित्वाधीन, नियंत्रणाधीन अथवा वित्त पोषित हो। निजी क्षेत्र का संगठन, उपक्रम, उद्यम संस्थान, प्रतिष्ठान, सोसाईटी, न्यास, गैर-शासकीय संगठन, इकाई अथवा सेवा प्रदाता जो वाणिज्यिक, व्यावसायिक, शैक्षिक, मनोजरंजन, औद्योगिक, स्वास्थ्य सेवाएं अथवा वित्तीय क्रियाकलाप कर रहा हो जिसमें उत्पादन, आपूर्ति, विक्रय, वितरण, अस्पताल अथवा नर्सिंग होम, खेलकूद का संस्थान, स्टेडियम, खेल परिसर, प्रतियोगिता अथवा खेल का स्थान आदि निजी क्षेत्र जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है वहां महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के धारा 04 (1) के अनुसार आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है।

### वरिष्ठ अधिकारी होंगी पीठासीन

समिति में महिला जो कार्यस्थल के कर्मचारियों में से वरिष्ठ स्तर के हो पीठासीन अधिकारी होगी। पीठासीन अधिकारी उस कार्यस्थल व कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ स्तर की महिला अधिकारी कर्मचारी होगी नहीं होने की दशा में अन्य कार्यालयों या प्रशासनिक इकाइयों से मनोनित किया जावेगा, यदि वहां भी वरिष्ठ स्तर की महिला कर्मचारी नहीं होने की दशा में उसी नियोक्ता के किसी अन्य कार्यस्थल या अन्य विभाग या संगठनों से मनोनित किया जायेगा। समिति में 2 सदस्य जिन्हें समाज सुधार का अनुभव या विधिक ज्ञान हो तथा 1 सदस्य गैर सरकारी संगठनों, संगमों से जो महिलाओं की समस्याओं के प्रति प्रतिबद्ध हो या कोई लैंगिक उत्पीडन से संबंधित विवादों से परिचित हो। समिति में मनोनित कुल सदस्यों में से कम से कम आधे सदस्य महिलाएं होगी।

### किया जा रहा गठन

जिले के 4 सौ से अधिक शासकीय एवं निजी संस्थानों में महिला उत्पीड़न रोकने समिति का गठन किया जाना है। 108 संस्थानों में सगिति गठित की जा चुकी है। बाकी संस्थानों में भी समितियां गठित की जाएगी।

**-श्रीमती अनिता अग्रवाल**
महिला एवं बाल विकास अधिकारी
जांजगीर-चांपा

# मिला नशीली दवाओं का जखीरा, 8 लाख का माल जब्त, दो गिरफ्तार

## चांपा पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

8 लाख के नशीली सीरप के साथ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से 35 हजार 480 नग नशीली टेबलेट व सीरप जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस की धारा के तहत कार्रवाई की गई है। मामला चांपा शहर के बेलदारपारा का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 8 मई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति रेल्वे ब्रिज के नीचे बेलदारपारा चांपा में अवैध रूप से नशीली दवा बेच रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराते हुये, टीम के साथ मौके पर पहुचे जो एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने के फिराक में था, जिसे घेराबंदी कर पकडा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम अविनाश यादव निवासी तलवापारा जांजगीर बताया। जिसके पास मिले थैला को तलाशी करने पर उसके पास से अवैध नशीली कफ सीरप प्रीकफ टी 120 नग तथा नशीली टेबलेट पीओवन स्पस प्लस 4 हजार 28 नग मिला। जिसे विधिवत जप्त किया गया तथा नशीली पदार्थो के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि जांजगीर के दुर्गेश यादव निवासी न्यू चंदनियापारा जांजगीर के साथ मिलकर नशीली दवाओ को रखना और बेचना बताने पर तत्काल पुलिस टीम के द्वारा दुर्गेश यादव के मकान पर रेड कार्यवाही की गई। छापामार कार्रवाई के दौरान दुर्गेश यादव के कब्जे से नशीला कफ सिंरफ प्रीकफ टी 240 नग तथा नशीला टेबलेट स्पस प्लस 28 हजार 560 नग टेबलेट तथा नशीली टेबलेट स्पासमो प्रोएक्सवीन प्लस कुल 2 हजार 592 नग बरामद हुआ। इस तरह पुलिस टीम के द्वारा दोनो आरोपियो के कब्जे से अवैध नशीली सिरफ कुल 360 नग तथा अवैध नशीली टेबलेट कुल 35 हजार 480 नग जब्त किया गया। जब्त दवा की कीमत 4 लाख 8 हजार 362 बताई जा रही है। दोनो आरोपियो को धारा 21(सी) 22,29 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। प्रकरण में विवेचना के तहत संलिप्त अन्य आरोपियो के गिरोह तथा अवैध नशीली पदार्थो के सप्लायर के संबंध में जानकारी एकत्रित कर प्रभावी तथा कठोर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चांपा, उप निरीक्षक भवानी सिंह, सहायक उप निरीक्षक अरूण सिंह, मुकेश कुमार पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अजय कृष्ण चतुर्वेदी, वीरेंद्र टंडन, अमृत सूर्या, आरक्षक शंकर राजपूत, वीरेश सिंह, भूपेंद्र गोस्वामी, डिकेश्वर साहू, महिला आरक्षक शकुंतला नेताम का योगदान रहा।



जब्त नशीली दवाईयों के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



# अवैध पार्किंग पर चला प्रशासन का डंडा वाहन चालकों से वसूला गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर में अवैध एवं बेतरतीब पार्किंग के चलते नगर वासियों को लंबे समय से परेशानियों को देखते हुए आज पुलिस के द्वारा नगर की सड़कों में अवैध एवं बेतरतीब रूप से पार्क किए गए गाड़ियों पर चालान की कार्रवाई की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सारथी ने बताया कि नगर की सड़कों में लंबे समय से अवैध रूप से गाड़ियों को पार्क किए जाने के चलते आवागमन करने वाले लोगों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जनभावना एवं नगर वासियों की शिकायत के आधार पर पुलिस प्रशासन को अवैध पार्किंग के चलते आ रही समस्या की जानकारी देते हुए अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने की मांग की गई थी। शुक्रवार 9 मई को पुलिस प्रशासन की सहायता से नगर की सड़कों में अवैध रूप से पार्क किए गए कार्यों की चलन कार्रवाई की गई है भविष्य में ऐसी कार्यवाहियां चलती रहेंगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें और सार्वजनिक मार्गों को बाधित न करें। मुख्य चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से बेतरतीब खड़ी गाड़ियों को टोचन कर हटाया गया। थाना प्रभारी मणिकांत पांडे ने कहा कि ऐसी पार्किंग आपात सेवाओं में भी बाधा बनती है। नगर वासी यातायात नियमों का पालन करते हुए आवागमन करने वाले लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखें। मुख्य मार्ग के व्यापारियों को भी हिदायत दी गई है कि अपनी दुकानों को सड़कों पर ना लगाएं। ऐसा होने पर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इधर कार्रवाई होने से वाहन चालक एवं व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा। कार्रवाई की डर से वाहन चालक इधर उधर भागने लगे। वहीं व्यापारी भी बाहर रखे सामानों को अंदर समेटने मे लगे रहे।

### खास बात

- व्यापारियों को अपना सामान बाहर नहीं निकालने की दी हिदायत



कार्रवाई करती पुलिस टीम।

# 6 माह बीत जाने के बाद भी बम्हनीडीह को नहीं मिला दर्जा, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छह माह बीत जाने के बाद भी अब तक बम्हनीडीह को नगर पंचायत का दर्जा नहीं मिल पाया है। इसे लेकर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है।

ज्ञात हो कि बम्हनीडीह ग्राम पंचायत को नगर पंचायत में गठन करने हेतु शासन ने 4 नवम्बर 2024 को अधिसूचना जारी की। यह अधिसूचना धारा 5 नगरपालिका अधिनियम की शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी की गई। नगर पंचायत बम्हनीडीह का गठन हुए छह माह बीत जाने के बाद भी नगर पंचायत बम्हनीडीह हेतु आम चुनाव की घोषणा नहीं की गई और नगर पंचायत के कार्य संचालन हेतु विशेष समिति का गठन नहीं किया गया। इसके विरुद्ध पूर्व ग्राम पंचायत बम्हनीडीह की सरपंच मालती पटेल द्वारा उच्च न्यायालय में अधिवक्ता सुशोभित सिंह के माध्यम से याचिका दायर की गई। याचिका में बताया गया नवगठित नगर पंचायत हेतु धारा 16के अनुसार विशेष समिति का गठन किया जाना चाहिए तथा गठन के छह माह के भीतर विधिवत आम चुनाव घोषित किया जाना चाहिए। याचिका पर संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ने नगरीय प्रशासन विभाग एवं राज्य निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है। छह माह बीत जाने के बाद भी नगर पंचायत बम्हनीडीह हेतु आम चुनाव की घोषणा नहीं की गई और नगर पंचायत के कार्य संचालन हेतु विशेष समिति का गठन नहीं किया जा सका है।

### जिला परिवहन कार्यालय में एचएसआरपी कैम्प 10 व 11 को

**जांजगीर-चांपा।** परिवहन विभाग द्वारा जिला परिवहन कार्यालय का परिसर में 10 व 11 मई को प्रातः 10 से शाम 5.30 बजे तक हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट कैम्प आयोजित किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि परिवहन विभाग के द्वारा कैंप में एचएसआरपी हेतु निर्धारित शुल्क सहित आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कराया जावेगा। दोपहिया वाहन, मोपेड, स्कूटर, कृषि ट्रैक्टर एवं ट्रॉली के लिए 365.80 रुपये, तिपहिया वाहन एवं अशक्त वाहन के लिए 427.16 रुपये, हल्के मोटरयान के लिए 656.08 रुपये एवं वाणिज्यिक मध्यम एवं भारी वाहन बस, ट्रक आदि के लिए 705.64 रुपये निर्धारित है।

चतुर्थ पुण्यतिथि पर
श्रद्धापूर्वक स्मरण



स्व. श्रीमती गीतादेवी अग्रवाल जी
पूज्यनीय माताजी आपकी ममतामयी छांव में हमारा जीवन बीता ।
आपकी करूणा, ममता, दया भाव तथा परिवार एवं समाज के प्रति समर्पण भाव हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा ।
आज आपकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन् करते हुए
भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं ....

फर्म :
चैम्पियन सिरामिक्स प्रा.लि.
औद्योगिक प्रक्षेत्र, कोरबा रोड,
चाम्पा 495 671
जिला : जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

श्रद्धावनत् :
सज्जन अग्रवाल
प्रतीक, प्रवीर, निकेत

## जिम्मेदार विद्युत विभाग का अमला नहीं दे रहा ध्यान

# बिजली गुल की समस्या से परेशान हो रहे दर्जनों गांव के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सारागांव सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले दर्जनो गांव के रहवासी इन दिनो बिजली गुल की समस्या से जुझ रहे है। लोगो की इस समस्या को लेकर जिम्मेदार विद्युत विभाग के अफसरो को किसी तरह का कोई सरोकार तक नही है।

गौरतलब है कि इन दिनो मई महीने का दूसरा सप्ताह प्रारंभ हो चुका है। इधर दिन प्रतिदिन गर्मी बढने के साथ साथ बिजली की आंख मिचौली भी शुरू हो चुकी है। सारागांव सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले दर्जनो ग्राम पंचायत मे इस तरह की समस्या बनी हुई है। बिजली गुल होने के कारण लोगो को कई तरह की दिक्कतो का सामना भी करना पड जा रहा है। सारागांव विदयुत सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कमरीद, देवरी सारागांव, मुडपार, पचोरी, अफरीद, अमरूवा, संजय ग्राम,चोरिया सहीत अन्य गांवो मे बिना किसी पूर्व सूचना के घंटो बिजली गुल कर दी जा रही है। जिसका खामियाजा ग्रामीणो को भुगतना पड रहा है।मई एवं जून महीने के दौरान जांजगीर चाम्पा जिले में भीषण गर्मी पढती है। खास बात यह है कि दिन के समय लोग बिजली गुल होने की स्थिती में जैसे तैसे ब्यस्था बनाकर रह लेते है। वही दुसरी ओर रात के समय भी बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली गुल कर देने के चलते ग्रामीणो को काफी परेशानियो का सामना भी करना पडता है। इसके अलावा गर्मी बढने के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रो में बिजली की खपत भी बढ़ रही है। बडी संख्या में लोग अपने घरो मे कुलर, टीवी, फ्रीज, एसी सहित बिजली के माध्यम से संचालित होने वाले उपकरणो का उपयोग भी बडी संख्या में कर रहे है। जिसके चलते भी बिजली की खपत ग्रामीण क्षेत्रो में बढ़ रही है। दिन में तो लोग जैसे तैसे व्यवस्था बनाकर समय व्यतीत कर लेते है, लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी रात के समय होती है। बिजली गुल होने से लोगों की दिक्कतें बढ़ जाती है।



मेंटनेस कार्य में जुटे कर्मचारी।

### कराया जाता है सुधार

गर्मी बढने के साथ बिजली की खपत बढ रही है। जहां किसी भी स्थान पर बिजली गुल होने की सूचना मिलने पर सुधार कार्य कराया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रो मे लोग बडे पैमाने पर बिजली का उपयोग कर रहे है।

**-अमर चौधरी**
अधीक्षण यंत्री
विद्युत मंडल कार्यालय जांजगीर

## खबर संक्षेप

### कक्षा दसवीं में याचना ने प्राप्त किया 91 प्रतिशत से अधिक अंक



**बेल्हाडीह-लवसरा।** संस्कार पब्लिक स्कूल लवसरा में अध्ययनरत कु.याचना साहू ने सफलता का परचम लहराते हुए कक्षा 10 वीं बोर्ड में 91.5% प्रतिशत अंक प्राप्त कर गौरव बढ़ाया है। इन्होंने अपने माता-पिता का नाम रोशन किया हैं। कु.याचना साहू की सफलता पर संकुल केन्द्र लवसरा समन्वयक संजीव साहू ने निज निवास जाकर उपहार एवं गुलदस्ता भेंट कर उज्वल भविष्य की कामना के साथ आशीर्वाद प्रदान किया है। वे जिले कि ग्राम पंचायत बेल्हाडीह के हरिभूमि पत्रकार दिनेश साहू की पुत्री है। याचना साहू की सफलता पर ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ के बच्चों ने लहराया परचम



**नवागढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में लिंगेश्वर शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में 84.8 प्रतिशत अंकों के साथ हनुद जलतारे ने प्रथम स्थान, संजीवनी केसरवानी 83 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं शगुन केसरवानी ने 80.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में अमित कुमार कश्यप ने 83 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, काजल केसरवानी ने 71.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं श्रीया साहू ने 72.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 95% एवं 12वीं का 80% रहा। जिनमें उत्तीर्ण सभी बच्चों ने प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण किया इस प्रकार बच्चों ने अपना स्थान बनाकर विद्यालय, घर-परिवार,नगर, समाज का नाम रोशन किया।

### शासकीय स्कूल बिर्रा का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



**बिर्रा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा स्कूल से सिलादेही भांठापारा के तरुण कुमार साहू कक्षा 10 वी में द्वितीय स्थान 91% प्रथम श्रेणी में पास हुआ है। वह महेंद्र कुमार साहू एवं गीता साहू का पुत्र है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता-पिता प्राचार्य व स्कूल स्टॉप को दिया है जो अपने बच्चों को विशेष सहयोग संस्कार दिए हैं। वही 10 वी में प्रथम स्थान हितेश कुमार देवांगन 91.33% , द्वितीय स्थान तरुण कुमार साहू 91% एवं तृतीय स्थान कुलदीप यादव 88.33 एवं 12 वी में भी इसी स्कूल से प्रथम स्थान लक्की कुर्रे 78.8% , द्वितीय स्थान अलीशा रात्रे 74.4% तृतीय स्थान सुमित टंडन 73.2% के सभी प्रथम श्रेणी में पास हुए। स्कूल के प्राचार्य एफ एल साहू ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## सुशासन तिहार में 1900 आवेदनों का किया गया समाधान

# लोगों की समस्याएं जानने घर-घर जा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया था, जहां पर लगभग 1900 आवेदन दिया गया था, जिसका शिविर में निराकरण किया गया।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा सुशासन तिहार मनाया जा रहा है जिसके तहत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक गांव गांव से आवेदन लिया गया था जिसका समाधान शिविर आयोजित कर आवेदन का निराकरण किया जा रहा है उसी के तहत जनपद पंचायत डभरा में समाधान शिविर हेतु छः कलस्टर बनाये गए जिसमें एक कलस्टर में पंद्रह पंचायत को शामिल किया गया है। उसी के तहत शुक्रवार 9 मई को ग्राम पंचायत कोटमी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे लगभग 1900 आवेदन आये थे जिनका निराकरण किया गया। इसके अलावा शिविर में तत्कालिक 94 आवेदन आये थे उनका भी सामाधान किया गया शिविर में उपस्थित भाजपा नेत्री संयोगिता सिंह जूदेव ने शिविर में आये ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार आपकी समस्या को जानने के लिए घर घर जा रही है और समाधान शिविर के माध्यम से समस्या का निराकरण कर रही है उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्या से अवगत कराएं और छत्तीसगढ़ सरकार की योजना का लाभ उठायें। समाधान शिविर में विभिन्न माहिला समूहों को लाखों रुपए का स्वीकृत लोन का चेक वितरण किया गया, प्रधानमंत्री आवास योजना की क़स्ति की राशी वितरण किया गया इसके अलावा नए पेंशन की स्वीकृति एवं नए राशनकार्ड वितरण किया गया शिविर में आये सभी लोगों के लिए भोजन और ठंडा पेयजल की व्यवस्था की गई थी।



समाधान शिविर में मंचस्थ अतिथि।

शिविर में अनुविभागीय अधिकारी (रा) बालेश्वर राम, जनपद पंचायत डभरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी के आदिले, तहसीलदार संजय मिंज, नायब तहसीलदार आशिष पटेल, कोटमी भाजपा मंडल अध्यक्ष नवल पटेल, डभरा भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बरेठ, भाजपा उपाध्यक्ष मनीष चौधरी, सरपंच पीताम्बर पटेल के अलावा सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### वार्ड एक एवं दो में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में 20 आवेदन हुए प्राप्त

**अकलतरा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पालिका अकलतरा द्वारा वार्ड क्रमांक एक एवं दो के लिए जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 8 और 9 मई को दुर्गा मंदिर परिसर पोड़ी भाटा मे नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी पार्षद श्रीमती सुनिता आशीष प्रसाद , श्रीमती सुभद्रा छतराम साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह की उपस्थिति में किया गया। शिविर मे मांग और शिकायत को मिलाकर 20 आवेदन प्राप्त हुए। जन समस्या निवारण शिविर में अधिकतम आवेदन प्रधानमंत्री आवास को लेकर की गई है जिसके तहत शासन द्वारा सभी को सूचना दी गई कि अपने दस्तावेजों के साथ प्रधानमंत्री का आवास का आवेदन प्रस्तुत करें। जनता असमंजस में है कि अभी तक शासन द्वारा भूमिहीन और पट्टा हीन लोगों का आवास कैसे बनेगा जिसका निर्धारण नहीं हो पाया है। जन समस्या निवारण शिविर में बैठे अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी परेशान हैं कि जनता को क्या जवाब दिया जाए। वार्ड वासियों ने बताया कि नगर पालिका अकलतरा द्वारा चलाए जा रहे जन समस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य है कि टैक्स निर्धारित कर टैक्स की वसूली की जाए। वार्ड नंबर एक और दो जहां मुख्य रूप से झुग्गी झोपड़ी वालों की बहुलता है, इन वार्डो मे अधिकतर रोजी मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले लोग रहते हैं। यहां पहले से ही शासन द्वारा निर्धारित जे आई ई पद्धति से टैक्स का निर्धारण किया जा चुका है। नगर पालिका द्वारा इन्हीं वार्डो में फिर से नाप-जोख कर टैक्स का निर्धारण किया जा रहा है। शिविर में दिव्यांग ओम प्रकाश यादव के ट्रायसाइकिल की मांग, विजय श्रीवास के चुनाभट्टा स्थित जर्जर सामुदायिक भवन मे समारोह के दौरान व्यवस्था की बात कहते हुए स्वच्छता की मांग, शेख समशूल के द्वारा नाली निस्तार की समस्या की शिकायत सहित अन्य शिकायत एवं मांग शामिल हैं। शिविर में मुकेश श्रीवास, अशोक कश्यप ,ओमप्रकाश यादव, राजस्व निरक्षक निर्मलकर , दीपक साहू ,रश्मि चंदवानी ,शिल्पी सिंह , गरीब नायक, अमन खान ,शिव प्रसाद साहू सहित कर्मचारी एवं वार्ड वासी उपस्थित थे।



## बोर्ड परीक्षा में लायंस स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल का 12वीं एवं 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम पिछले दिनों जारी किया गया जिसमें स्कूल के विद्यार्थी भाविक द्विवेदी ने छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 10वीं बोर्ड परीक्षा की जारी प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान हासिल कर लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल तथा नगर का नाम गौरवान्वित किया है।



**खास बात**

- 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97 .67 प्रतिशत प्राप्त कर भाविक द्विवेदी ने टॉप 10 में बनाई जगह

स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि 12वीं बोर्ड की परीक्षा में स्कूल के 106 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिनमें विद्यार्थियों ने अच्छे अंक लेकर सफलता हासिल की। इसी तरह 10वीं बोर्ड की परीक्षा में स्कूल से कुल 106 विद्यार्थी शामिल हुए जिनमें विद्यार्थियों ने अच्छे अंक लेकर परीक्षा पास करते हुए स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। 10वीं बोर्ड की परीक्षा में स्कूल के छात्र भाविक द्विवेदी ने छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान हासिल कर लायंस स्कूल, नगर तथा परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। 12वीं बोर्ड की परीक्षा में कामर्स ग्रुप से स्कूल के छात्र संस्कार ने 88.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह गणित ग्रुप में छात्र डीकेश देवांगन ने 89.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह बायो. ग्रुप में छात्रा सुहानी गौतम ने 81.4 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा कक्षा 10वीं में छात्र भाविक द्विवेदी ने 97.67 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, छात्र चेतन प्रसाद गुप्ता ने 94.5 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा छात्रा खुशी यादव ने 92.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल के छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किये गये 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम उत्कृष्ट आने पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन संतोष कुमार सोनी, लायंस क्लब शिक्षण समिति के वाईस चेयरमेन लायन डॉ. के. पी. राठौर तथा सचिव लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान की है।

## ज्ञानदीप स्कूल का 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत के साथ रहा सर्वश्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ज्ञानदीप जांजगीर 10वीं तथा 12वीं के परीक्षा परीणाम 98.34 प्रतिशत के साथ सर्वश्रेष्ठ रहा। 10वीं की परीक्षा में कुल प्रविष्ट 76 विद्यार्थीयों में से 70 विशेष योग्यता के साथ प्रथम स्थान पर अनन्या राठौर 576 (96.00%), द्वितीय स्थान पर अंकिता राठौर 568 (94.67%), तृतीय स्थान पर निहाल देवांगन 560(93.33%), इसी प्रकार क्रमशः अभिषेक सिंह राठौर 519 (86.50%), साक्षी यादव 519 ((86.50%), आयुष कैवर्त 514(85.67%), मानव धीवर 513 (85.50%), दीपशिखा यादव 510(85%), काम्या सिंह राठौर 496 (82.67%), प्रिंसी राठौर 493 (82.17%), लक्ष्य साहू 491(81.83%), आयुषी सिंह ठाकुर 485 (80.83%), विनायक पाण्डेय 483(80.50%), यश देवांगन 450(75%), तोषिफ अली 442(73.67%), प्रवीण आजाद 441(73.50%), मनीष कुमार 438 (73%), दुर्गेशवरी कश्यप 429 (71.5%), लोकेश प्रताप पाण्डेय 429 (71.50%), हिमानी आदित्य 424 (70.67%) है।

- दसवीं में 70 तो बारहवीं में 114 विद्यार्थी विशेष योग्यता के साथ रहे प्रथम स्थान पर

12वीं की परीक्षा में कुल प्रविष्ट 125 विद्यार्थीयों में से 114 विशेष योग्यता के साथ प्रथम स्थान पर रहे। प्रथम स्थान पर आर्नव शर्मा 441 (88.2%), द्वितीय स्थान पर शुभांगी पटेल 431 (86.2%), तृतीय स्थान पर माही शर्मा 426 (85.2%), इसी प्रकार क्रमशः दोरंजन लदेर 424 (84.8%), पिंशी राठौर 399 (79.8%), यश दुबे 394(78.8%), कृष्णा राठौर 394(78.8%), सक्षम राव गोरे 391 (78.2%), हिमांशु थवाईत 379 (75.8%), वंश तंबोली 377 (75.4%), दीपेश यादव 376 (75.2%), रानु भारद्वाज 373 (74.6%), सुरभी साब 373 (74.6%), ईशा पटेल 363(72.7%), वासु पाटनवार 362 (72.4%), आदर्श पाण्डेय 360 (72%), राजा महंत 360 (72%), स्नेहा ताम्रकर 358 (71.6%) आकाश तंबोली 357(71.4%), सृष्टि अग्रवाल 357(71.4%,) पीयूष तंबोली 356 (71.2%) है। अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंको से परीक्षा उत्तीण की। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा, संस्था के प्राचार्य डॉ. अखिलेश कटकवार ने अच्छे परीक्षा परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, संस्था की अध्यापन व्यवस्था, पालकों का सहयोग तथा संस्था के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों की मेहनत के लिये हर्ष व्यक्त किया।



### पायल राज ने 98.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में छठवां स्थान

**बाराद्वार।** नगर के ज्ञान शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा कुम्हारी कला निवासी पायल राज ने कक्षा दसवीं में 98.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे प्रदेश में छठवां स्थान हासिल किया है। इनके इस कामयाबी पर ज्ञान शारदा स्कूल परिवार द्वारा उनके निवास कुम्हारी कला पहुंच कर पायल सहित उनके परिवार को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। वे जय सिंह एवं सीता बाई की पुत्री है। ज्ञान शारदा हायर सेकंडरी स्कूल (हिंदी माध्यम) में प्रति वर्ष दर्जनों छात्र उत्कृष्ट अंकों के साथ बोर्ड की परीक्षा में सफलता हासिल करते हैं। इस वर्ष भी कक्षा दसवीं में पायल राज 98.33, भूमिका गुप्ता 97, निर्जला 96.5, आकाश श्रीवास 93.5%, चांदनी कुमारी 92.33%, भूमिका चौहान 91% कक्षा 12 वीं में आकाश साहू 88.4, हरिप्रिया 87.2, डिगेश कुमार ने 85.4 प्रतिशत अंक ज्ञान शारदा मॉडल कॉन्वेंट स्कूल बाराद्वार (अंग्रेजी माध्यम) सीजीबीएसई बोर्ड कक्षा दसवीं में चंद्र प्रभा रात्रे ने 95, स्वीटी राठौर 93.33, प्रकाश यादव ने 90.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रौशन किया है। संस्था के संचालक लीलाधर साहू ने बच्चों, उनके माता - पिता और समस्त स्टाफ को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।



### तीन अंकों से मेरिट से चूकी पुष्पा, 97.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम किया रौशन

**गोधना।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहर्सी की छात्रा पुष्पा चौहान ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 97.16 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय, परिवार और गांव का नाम गौरवान्वित किया है। पुष्पा चौहान कामता गांव की निवासी हैं और मुकेश कुमार चौहान एवं उषा देवी की पुत्री हैं। पुष्पा के माता-पिता, जिनके पास अपनी खेती नहीं है, मजदूरी कर अपने बच्चों की शिक्षा का भार उठा रहे हैं। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने अपनी बेटी के सपनों को टूटने नहीं दिया। पुष्पा तीन अंकों से प्रदेश मेरिट सूची में स्थान बनाने से चूक गईं, जिसका उन्हें थोड़ा दुख है, लेकिन यह उपलब्धि भी अपने आप में बड़ी मिसाल है। पुष्पा ने बताया कि वह आगे चलकर कला संकाय से पढ़ाई कर यूपीएससी की तैयारी करना चाहती हैं और कलेक्टर बनकर समाज में सेवा देना चाहती हैं। उनके इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए माता-पिता हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। वे अपने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी बेटी के सपनों को पूरा करने के लिए शिक्षाविदों और समाज से मदद की अपेक्षा रखते हैं। शिक्षकों और गांव का मिला सहयोगःपुष्पा की इस उपलब्धि में विद्यालय के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है। शिक्षकों ने बताया कि पुष्पा प्रारंभ से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और उन्होंने हर कक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।



न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार छपोरा
जिला-सक्ती (छ.ग.)
// उपस्थिति सूचना //
रा.प्र.क्र.-202405310100001/
अ-21(1)/2023-24
ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 16
पहारसिंह पिता पीलादाऊ जाति गोंड़ निवासी ग्राम अमलीडीह तहसील मालखरौदा जिला-सक्ती (छ.ग.) ....आवेदक
बनाम
छग शासन.............अनावेदक
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम-अमलीडीह, प.ह.नं. -16 तहसील-मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक पहारसिंह पिता पीलादाऊ जाति गोंड़ निवासी ग्राम अमलीडीह तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा ग्राम अमलीडीह स्थित भूमि ख.नं. 142 रकबा 0.040 हे. भूमि को गैर आदिवासी क्रेता सेवती चन्द्रा को बिक्री किये जाने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस उपस्थिति सूचना के माध्यम से अन्य इच्छुक आदिवासी क्रेताओं / दावाकर्ताओं सूचित किया जाता है कि आप आगामी पेशी दिनांक 23/05/25 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना आवेदन / दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किये गये दावा आपत्ति या आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 08/05/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन सील-मुद्रा से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
छपोरा जिला सक्ती (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार चांपा,
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
क्र./464/तह. /EWS/2025
चांपा, दिनांक 06/05/2025
**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शैलेश कुमार शर्मा पिता श्रीनिवास शर्मा जाति-ब्राम्हण निवासी ग्राम-चांपा प.ह.नं. 07 तहसील चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र अनिमेष शर्मा का ई.डब्ल्यू. एस. प्रमाण पत्र बनवाने हेतु 01. आवेदन पत्र, 02. आय प्रमाण पत्र, 03. आधार कार्ड, 04 निवास प्रमाण पत्र, 05. अंक सूची सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 20/05/2025 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 06/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक -06/05/2025
पेशी दिनांक -20/05/2025
सील तहसीलदार
चांपा

जाँजगीर मार्केट

ब्रान्डेड रेडीमेड कपड़ा शोरूम
COBB कंपनी के कपड़े पर 66% छूट 2 पे 4 फ्री
जान प्लेयर कंपनी के कपड़े पर 33% छूट
फायर सेफ्टी (अग्नि शानय यंत्र) 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) 33% छूट
फायर सेफ्टी रिफलिंग सुविधा उपलब्ध अब आपके शहर जांजगीर में
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.R.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

9-MAY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/9/2025 7:54 PM Page 1





# ब्रिगेडियर जोशी की भूमिका निभाएंगे जैकी श्रॉफ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं, लेकिन अब वह अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' में बतौर निर्देशक से चर्चा में हैं। अब अनुपम खेर ने बोमन ईरानी के बाद फिल्म में एक और दिग्गज एक्टर की एंट्री का खुलासा किया है। सुपरस्टार जैकी श्रॉफ फिल्म में ब्रिगेडियर जोशी की भूमिका में नजर आएंगे। साझा किए गए पोस्टर में जैकी श्रॉफ आर्मी ऑफिसर की भूमिका में दिख रहे हैं। निर्देशक अनुपम खेर ने यह पोस्ट साझा करते हुए अभिनेता जैकी श्रॉफ के लिए एक खास संदेश लिखा है। उन्होंने कहा, 'जैकी श्रॉफ मेरे भाई हैं, हमने न केवल कई फिल्मों में एक साथ काम किया है।

लाइफ Style



# निकिता

## हर जगह पर होते हैं फेक और रियल लोग

बॉलीवुड पर अक्सर ये इल्जाम लगते रहे हैं कि बॉलीवुड नकल करके कॉन्टेंट तैयार करता है। नेपोटिज्म के आरोपों से बॉलीवुड कई बार घिरा रहा है। आउटसाइडर्स को काम न मिलने पर और अगर काम मिला तो भी स्टार किड्स के बाद तवज्जो मिलने पर, बॉलीवुड को घेरा जाता रहा है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ज्वेल थीफ- द हाइस्ट बिगेन मूवी में सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ नजर आईं निकिता दत्ता इस बारे में क्या सोचती हैं। क्या निकिता दत्ता को भी बॉलीवुड फेक और चोर लगता है। इस बारे में निकिता दत्ता ने अपने विचार साझा किए हैं। क्या बॉलीवुड फेक है? इस सवाल पर निकिता दत्ता के फेस पर एक बड़ी सी स्माइल नजर आती है। सवाल के बदले में वो उल्टा सवाल करती हैं कि फेक आखिर कौन नहीं है। निकिता दत्ता का कहना है कि फेक और रियल लोग हर जगह पर होते हैं। कोई जगह ऐसी नहीं होती जहां सौ फीसदी जेनुविन लोग मिल सकें. उन्होंने आगे कहा कि बॉलीवुड पर अक्सर नेपोटिज्म के इल्जाम लगते रहे हैं। लेकिन उनका पर्सनल एक्सपीरियंस है कि बहुत से नेपो लोग बहुत अच्छे हैं और नॉन नेपो लोग बहुत बुरे हैं। कई बार ये एक्सपीरियंस उल्टा भी रहा है। निकिता दत्ता कहती हैं कि खामियां हर जगह है। इसलिए ये सही नहीं है कि पूरा बॉलीवुड ही कमियों से भरा है या फिर फेक है। क्या बॉलीवुड का कंटेंट चोरी का है? इस सवाल पर निकिता दत्ता का कहना है कि कंटेंट चुराना आज के जमाने में आसान नहीं है। लेकिन, आज जो भी काम होता है वो पहले के कामों से इंस्पायर है। निकिता दत्ता के मुकाबिक पुराने दौर के जो आर्टिस्ट रहे हैं या फिर क्रिएटर्स रहे हैं आज के सारे सितारे उन्हीं से इंस्पायर हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# कियानू रीव्स की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कियानू रीव्स की एक्शन थ्रलिर 'जॉन विक' के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। खूंखार हिटमैन की पर्दे पर वापसी होने वाली है। 'जॉन विक 5' को लेकर मेकर्स ने अपडेट जारी किया है। स्टेल्स्की ने फ्रेंचाइजी के फैंस से कहा है कि 'जॉन विक 5' का ट्रेलर ऐसा होगा, जिसे देखने के बाद लोग अपनी बेताबी रोक नहीं पाएंगे। यह फिल्म इसी साल 6 जून को वर्ल्डवाइड रिलीज होने वाली है। डायरेक्टर चैड स्टेल्स्की ने साफ शब्दों में कहा है कि वह कियानू रीव्स को एक बार फिर पर्दे पर 'जॉन विक' के रूप में लाने वाले हैं।



# साइमन पेग ने गिनाई 'मिशन इम्पॉसिबल' की हैरतअंगेज खूबियां

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों की सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइजी में से एक 'मिशन इम्पॉसिबल' की आखिरी कड़ी की रिलीज में अब सब 10 दिन ही बचे हैं। फिल्म के हीरो टॉम क्रूज के असली स्टंट्स के लिए महीनों से चर्चा में बनी हुई इस कड़ी की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल द फाइन रेकनिंग'में ही वह सबसे बड़ा राज खुलने वाला है जिसके पीछे एथन हंट ने अपने जीवन के करीब बीस साल लगा दिए हैं। और, इस पूरे सफर में अभिनेता टॉम क्रूज का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहे हैं अभिनेता साइमन पेग। सामयन कहते हैं, 'टॉम और मैक्यू हमेशा इस बात को लेकर स्पष्ट रहे हैं कि इस फिल्म फ्रेंचाइजी की कहानी को हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए। हर बार एजेंट एथन हंट के लिए चुनौतियां बड़ी होती जाती हैं और हर बार ये कहानी भावनात्मक रूप से और गहरी होती जाती है।



# सोनम ने आनंद संग शेयर कीं एनिवर्सरी पर तस्वीरें

**मुंबई।** सोनम कपूर और आनंद आहूजा ने 8 मई 2018 को सात फेरे लिए थे। सात साल बाद सोनम ने उस शुरू हुए हसीन सफर को याद करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी हल्दी सेरेमनी से लेकर अपने बेबी वायु के होने तक के शानदार सफर को तस्वीरों के जरिए शेयर किया है। सोनम की इन खास तस्वीरों पर सेलेब्स लगातार कमेंट्स कर रहे हैं और उन्हें वेडिंग एनीवर्सरी की बधाई दे रहे हैं। सोनम कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी और आनंद आहूजा के अलावा बेटे वायु की भी खास तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सोनम ने अपनी हल्दी सेरेमनी, मेंहंदी, संगीत और शादी की शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इसके अलावा सोनम ने अपने बेटे वायु के साथ भी कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के जरिए सोनम ने शादी की सालगिरह पर अब तक का अपना पूरा सफर दिखाया है।



# निभाना चाहते हैं भगवान कृष्ण की भूमिका

**मुंबई।** आमिर खान लंबे समय से अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत के बारे में बात करते आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट उनके दिल के बहुत करीब है। उन्होंने बताया, 'महाभारत बनाना मेरा सपना है, लेकिन यह बहुत मुश्किल है।' इस महीने की शुरुआत में आमिर ने पुष्टि की कि महाभारत एक बड़ी फिल्म फ्रैंचाइजी होगी, जिसमें अलग-अलग निर्देशक अलग-अलग हिस्सों पर काम करेंगे। जब उनसे पूछा गया कि वह कौन सा किरदार निभाना चाहेंगे, तो उन्होंने कहा, 'मुझे भगवान कृष्ण का किरदार बहुत पसंद है। मैं उनसे बहुत प्रेरित हूं।' हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अभी वे इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं बोलना चाहते, क्योंकि यह बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है। कास्टिंग के बारे में आमिर ने बताया कि हर किरदार के लिए सही अभिनेताओं का चयन किया जाएगा।

## टीवी मसाला



# नील भट्ट से दरार के बीच ऐश्वर्या ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'गुम है किसी के प्यार में'से चर्चा में आए नील भट्ट और ऐश्वर्या शर्मा की जोड़ी पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में है। चर्चा है कि इस रियल लाइफ कपल के रिश्ते में दरार आ गई है। साल 2021 में शादी करने वाले इस जोड़े ने रियलिटी शो बिग बॉस में भी साथ एंट्री ली थी, जहां दोनों की नोकझोंक ने खूब ध्यान खींचा। हाल ही में ये अफवाहें तेज हुईं कि नील और ऐश्वर्या अलग-अलग रह रहे हैं। इस पर अब ऐश्वर्या शर्मा ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में खुलकर जवाब दिया है। एक्ट्रेस ने कहा, 'हम सोशल मीडिया पर साथ में तस्वीरें शेयर नहीं कर रहे, इसका मतलब यह नहीं कि हमारे रिश्ते में कोई समस्या है। हां, हमारे झगड़े होते हैं हम दोनों ही एक्टर्स हैं और हमारे कॅरियर की दिशा अलग-अलग है, लेकिन हमने हमेशा एक-दूसरे का साथ दिया है।' रिश्ते में दरार की खबरों पर ऐश्वर्या ने साफ किया कि दूसरे कपल्स की तरह हमारे बीच भी कभी-कभी बहस होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हमारे बीच सब कुछ खत्म हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने मलाड में एक घर किराए पर लिया है, जिससे अफवाहों को और हवा मिली।

## एक्सीडेंट के बाद सामने आई पवनदीप की तस्वीर

**नई दिल्ली।** सिंगर पवनदीप राजन 5 मई की सुबह उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के पास एक सड़क हादसे का शिकार हो गए। वह इस रास्ते



से दिल्ली जा रहे थे, पवनदीप की कार गजरौला में हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। इस दुर्घटना में सिंगर बुरी तरह से घायल हुए। इस वक्त दिल्ली के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। पवनदीप की टीम ने उनका हेल्थ अपडेट साझा किया। सोशल मीडिया पर सिंगर की ऑपरेशन के बाद की एक तस्वीर भी वायरल है। इसमें उनका चेहरा काफी बदला सा नजर आ रहा है। पवनदीप की टीम ने जो बयान जारी किया है उसमें कहा है, 'जैसा कि आप सब जानते हैं कि पवनदीप राजन 5 मई की सुबह मुरादाबाद, यूपी के पास एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए।

# 6 ब्लॉकबस्टर, 7 सुपरहिट और 36 हिट देने वाला सुपरस्टार, फिर भी लगाया फ्लॉप का अंबार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एक से एक हिट देने वाले कई हीरो हुए। एक सुपरस्टार धर्मेंद्र भी हैं। जिन्होंने सुपरहिट कॅरियर जीया। जिनके बड़ी बड़ी फिल्मों की बात करें और मोटा-मोटा हिसाब लगाए तो उन्होंने 6 ब्लॉकबस्टर, 7 सुपरहिट और 36 हिट फिल्में दीं। इस तरह वह बॉलीवुड के ही-मैन कहलाए धर्मेंद्र के करियर की पहली फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे थी। जो 1960 में रिलीज हुई। इस फिल्म के बाद वह ढेरों फिल्मों में नजर आए और इंडस्ट्री के सबसे हैंडसम स्टार के तौर पर छा गए थे। उन्होंने अपने कॅरियर में 50 से भी ज्यादा सुपरहिट फिल्म दी है। इस तरह वह इंडियन सिनेमा के बिगेस्ट सुपरस्टार भी कहलाते हैं। धर्मेंद्र का कॅरियर हमेशा चमकता रहा है। कभी राइटर से घिरे रहते तो कभी डायरेक्टर प्रोड्यूसर से। मगर एक वक्त ऐसा भी था जब उन्होंने जरूरत के लिए बी-ग्रेड फिल्में भी की। 200 से ज्यादा मूवीज में काम करने वाले धर्मेंद्र का हिट रहे 93 से भी ज्यादा का हिट का रहा है। धर्मेंद्र की पहली हिट डेब्यू के दो साल बाद 1962 में अनपढ़ थी। इसके बाद से साल 2011 तक बतौर लीड का सफर चलता रहा और चमला पगला दीवाना जैसी भी हिट फिल्म दी। कहने को आज भी धर्मेंद्र काम कर रहे हैं। साल 2023 में वह हिट फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भी नजर आए थे, लेकिन अब वह सपोर्टिंग रोल में दिखते हैं। धर्मेंद्र ने अपनी टॉप फिल्मों की वजह से 25 सालों तक शीर्ष पर रहने का रिकॉर्ड कामयब किया।



# कोहली के 'लाइक' से बढ़ी अवनीत की लोकप्रियता

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक छोटा सा 'लाइक्स'कितना बड़ा तूफान ला सकता है यह हाल ही में अवनीत कौर और विराट कोहली के मामले ने दिखा दिया है। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने अवनीत की एक इंस्टाग्राम पोस्ट को गलती से लाइक किया, जिसके बाद अभिनेत्री सुर्खियों में छा गईं। हालांकि, विराट ने इसे एल्गोरिदम की गलती बताकर सफाई दी, लेकिन इस वाकये ने 23 साल की अवनीत कौर की पॉपुलैरिटी को और बढ़ा दिया। पंजाब के जालंधर में 13 अक्टूबर 2001 को जन्म लेने वाली अवनीत कौर ने महज आठ साल की उम्र में मनोरंजन जगत में कदम रख दिया था। उन्होंने 2010 में 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स'से शुरुआत की, जहां



उनकी प्रतिभा को खूब सराहा गया। इसके बाद उन्होंने 'मेरी मां', 'चंद्र नंदिनी', और 'अलादीन - नाम तो सुना होगा' जैसे टीवी सीरियल्स में काम किया। छोटे पर्दे पर उनकी लोकप्रियता ने उन्हें बड़े पर्दे का रास्ता दिखाया। अवनीत ने 2014 में रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी'से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में उन्होंने मीरा का किरदार निभाया, जो छोटा लेकिन प्रभावशाली था। इसके बाद 2017 में वह 'करीब करीब सिंगल' में एक छोटी सी भूमिका में दिखीं।



## एयर स्ट्राइक की खुशी को दोगुना करने के लिए देख सकते हैं ये फिल्में

# इन फिल्मों में भारत ने पाक को चटाई धूल; गर्व से चौड़ा हो जाएगा सीना

*नई दिल्ली। भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' की शुरुआत की और पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पाक) में 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इस ऑपरेशन में आतंकियों के कई बंकर और ठिकाने ध्वस्त किए गए. इस स्ट्राइक ने एक बार फिर भारतीयों को दिल खुश कर दिया है। अपनी इसी खुशी को दोगुना करने के लिए आप बॉलीवुड की वो 10 फिल्में देख सकते हैं, जिनमें भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाई, जिनको देखने के बाद आपका भी सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा।*



### बॉर्डर

'बॉर्डर' 1971 के भारत-पाक युद्ध की एक सच्ची घटना पर आधारित है। ये 120 भारतीय सैनिकों की कहानी है जो राजस्थान के लोंगेवाला पोस्ट पर रात भर डटे रहते हैं। दुश्मन की भारी फौज से लड़ते हुए वे सुबह तक का इंतजार करते हैं जब वायुसेना उनकी मदद के लिए आती है। ये फिल्म दिखाती है कि कम संख्या में होने के बावजूद हमारे जवानों का हौसला और जज्बा कितना मजबूत होता है।

### भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया

'भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया' की कहानी 1971 के भारत-पाक युद्ध की शुरुआत से जुड़ी है। जब दुश्मन के जहाजों ने भुज एयरबेस को तबाह कर दिया था, लेकिन फिर भी स्क्वाड्रन लीडर विजय कर्णिक ने हार नहीं मानी।

### लक्ष्य

'लक्ष्य' एक यंग लड़के की कहानी है जो बिना किसी लक्ष्य के जिंदगी जीता है। करण शेरगिल एक रईस परिवार से है और उसे नहीं पता कि वो जिंदगी में क्या करना चाहता है।

### उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक

'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 में उरी हमले के जवाब में की गई भारतीय सेना की कार्रवाई पर आधारित है। मेजर विहान सिंह शेरगिल इस मिशन का नेतृत्व करते हैं, जिसमें आतंकियों के खिलाफ गुप्त ऑपरेशन को अंजाम दिया जाता है।

### राजी

'राजी' एक महिला जासूस की कहानी है जो अपने देश के लिए हर खतरा उठाती है। सहमत खान नाम की ये लड़की एक पाकिस्तानी सेना अधिकारी से शादी करती है ताकि पाकिस्तान की खुफिया जानकारी भारत तक पहुंचा सके. ये सब उसके पिता की प्लानिंग के तहत होता है।

### शेरशाह

'शेरशाह' परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक साधारण सा नौजवान, जो बचपन से ही फौजी बनने का सपना देखता है, कैसे युद्ध के मैदान में जाकर असली हीरो बन जाता है।

### एलओसीः कारगिल

'एलओसीः कारगिल' फिल्म 1999 के कारगिल युद्ध पर आधारित है। इसमें भारतीय सैनिकों की बहादुरी और संघर्ष को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में कई अलग-अलग यूनिट्स और जवानों की कहानियां दिखाई गई हैं जो कारगिल की ऊंची पहाड़ियों पर दुश्मन से लड़ रहे होते हैं।

### द गाजी अटैक

'द गाजी अटैक' एक पानी के नीचे होने वाली जंग की कहानी है। इसमें दिखाया गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध होने ही वाला होता है, तभी पाकिस्तान की पनडुब्बी 'गाजी' गुपचुप तरीके से भारत के विशाखापत्तनम बंदरगाह पर हमला करने की योजना बनाती है।

### पिप्पा

'पिप्पा' कैप्टन बलराम सिंह मेहता की सच्ची कहानी पर आधारित है। ये फिल्म 1971 के युद्ध में भारत के पूर्वी मोर्चे की कहानी बताती है, जहां बलराम अपने भाइयों के साथ युद्ध में शामिल होते हैं। वे 45 कैवेलरी रेजिमेंट का हिस्सा होते हैं और एक खास टैंक जिसका नाम 'पिप्पा' होता है, उसमें बैठकर दुश्मन का सामना करते हैं।

### स्काय फोर्स

'स्काय फोर्स' फिल्म 1965 के भारत-पाकिस्तान एयर वॉर पर आधारित है। ये भारत के पहले एयरस्ट्राइक की कहानी दिखाती है जो पाकिस्तान के सर्गोधा एयरबेस पर की गई थी. जैसे-जैसे दोनों देशों के बीच हवाई लड़ाई तेज होती है।

9 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 5/9/2025 10:16 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### केसीसी लेने वाले किसानों को किया जा रहा एटीएम कार्ड का वितरण



**फगुरम।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर शाखा अड़भार में केसीसी वितरण का कार्य आरम्भ हो गया है। प्रधान कार्यालय बिलासपुर के निर्देशानुसार केसीसी हेतु ऋण लेने वाले साक्षर किसानों को एटीएम कार्ड का वितरण किया जा रहा है। शाखा प्रबंधक के के पटेल ने बताया कि केसीसी के लिए आवेदन करने वाले सभी साक्षर किसानों को एटीएम कार्ड दिया जाएगा। उन्होंने किसानों को एटीएम कार्ड से ट्रांजेक्शन करने की अपील की। शाखा अड़भार के अंतर्गत कार्यरत 5 समितियों में भी माइक्रो एटीएम के प्रयोग को प्रोत्साहन मिलेगा और ग्रामीणों को बेहतर सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

### राजेश्री महंत का जिला प्रवास आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज का एक दिवसीय जिला प्रवास का कार्यक्रम निर्धारित हुआ है।



राजेश्री महन्त 10 मई को दोपहर 1 बजे श्री दूधाधारी मठ रायपुर से रवाना होकर शाम 3:30 बजे अकलतरा विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम नवागांव (झुलनपकरिया) पहुंचेंगे यहां वे श्री राम कथा के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 4:30 जांजगीर एवं 5:15 बरपाली चौक चंपा पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। 6:30 बजे उनका आगमन नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम कुरियारी होगा। शाम 7:15 बजे शिवरीनारायण पहुंचकर दर्शन पूजन के उपरांत रात्रि विश्राम शिवरीनारायण मठ में होगा ।

### सलूजा बने जोनल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य

**चांपा।** स्थानीय प्रेस क्लब के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा को रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव तथा रेल राज्य मंत्री द्वय रवनीत सिंह बिट्टू एवं बी सोमन्ना की अनुशंसा से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर की जोनल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति का दो वर्षो के लिए सदस्य मनोनीत किया गया है।



ज्ञात हो कि सलूजा इसके पूर्व भी 13 बार समिति के सदस्य रह चुके है। उन्हें लगातार 14वीं बार समिति का सदस्य नियुक्त किए जाने पर स्थानीय पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त किया है। सलूजा ने अपनी नियुक्ति पश्चात एक चर्चा में बताया कि आगामी 26 मई को समिति की बैठक आयोजित है, जिसमें वे चांपा में गीतांजलि एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस सहित अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव दिए जाने, नैला रेलवे फाटक में ओव्हरब्रिज निर्माण के अलावा सक्ती में अहमदाबाद एक्सप्रेस एवं गोंडवाना एक्सप्रेस का ठहराव दिए जाने की मांग उठाएंगे।

## निधन

### रामचरण सोनी

**चांपा।** स्थानीय स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक तथा स्थानीय नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष रामचरण सोनी का शुक्रवार 9 मई को उनके कनिष्ठ पुत्र प्रवीण सोनी के कोरबा स्थित निवास में निधन हो गया। वे 93 वर्ष के थे। स्व. स्वर्णकार अपने पीछे तीन पुत्र एवं तीन पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार मुक्तिधाम कोरबा में शनिवार 10 मई को पूर्वान्ह 11 बजे होगा।



### लूटन राम चौहान

**जांजगीर-चांपा।** नैला के प्रतिष्ठित नागरिक लूटन राम चौहान का 79 वर्ष की आयु में गुरुवार 8 मई को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार नैला मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन व नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे ईश्वर चौहान, किशन चौहान, हरिशंकर चौहान के पिता थे।



रात्रि में श्याम संकीर्तन व भंडारे का आयोजन

# श्याम मंदिर के चौदहवें वार्षिकोत्सव पर निकली भव्य निशान व सिगड़ी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

स्थानीय श्री श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में मोदी चौक स्थित खाटू वाले श्याम बाबा मंदिर का चौदहवां वार्षिकोत्सव शुक्रवार 9 मई को धूमधाम से उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर शाम 6 बजे से रेलवे स्टेशन के सामने स्थित पलटन बाबा हनुमान मंदिर से धुमाल पार्टी के साथ सूरजगढ़ की भव्य निशान तथा महिलाओं की सिगड़ी यात्रा निकाली गई। इसके अलावा मंदिर परिसर में रात्रि 8 बजे से श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। साथ ही श्याम वाटिका में आयोजित भंडारा प्रसाद में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

इस वर्ष श्याम मंदिर के 14वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर क्षेत्र में प्रथम बार सूरजगढ़ की सुप्रसिद्ध निशान यात्रा भव्यता के साथ निकाली गई। इसके अलावा महिलाओं की विशेष सिगड़ी यात्रा भी लोगों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रही। ऐसी मान्यता है कि सूरजगढ़ का निशान श्याम बाबा को अत्यंत प्रिय है। इसके कारण खाटू वाले श्याम मंदिर में हर वर्ष सूरजगढ़ का निशान ही अर्पित किया जाता है। इसके अलावा जिन महिलाओं की मान्यता पूर्ण हो जाती है वे सिगड़ी यात्रा निकालती है। यह निशान यात्रा शुक्रवार 9 मई को रेलवे स्टेशन के सामने पलटन बाबा हनुमान मंदिर से सायं 6 बजे धुमाल पार्टी के साथ निकली। इसके साथ में महिलाओं की विशेष सिगड़ी यात्रा भी निकाली गई। निशान यात्रा में शामिल श्याम भक्तों का मार्ग में कृष्णा लॉज के सामने आशु अग्रवाल, बरपाली चौक के पास राज स्टील के सामने राजेन्द्र अग्रवाल एवं परिवार द्वारा ओम सिटी के सामने ओम सिटी परिवार तथा थाना चौक में मारवाड़ी युवा मंच शाखा चांपा द्वारा शीतल पेयजल और आईसक्रीम आदि से सम्मान किया गया। निशान यात्रा व सिगड़ी यात्रा रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर बरपाली चौक,





श्याम प्रभु की सिगड़ी व निशान यात्रा में शामिल महिलाएं एवं श्रद्धालु।

लायंस चौक, थाना चौक, डाकघर, श्री कृष्ण गौशाला होते हुए मोदी चौक स्थित खाटु वाले श्याम मंदिर पहुंची, जहां श्याम बाबा को निशान अर्पित किए गए। इसके बाद यहां रात्रि 8 बजे से सूरजगढ़ की भजन गायिका जस्सी सैनी एवं चांपा के भजन गायक पंकज अग्रवाल द्वारा एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त रात्रि 8 बजे से श्याम मंदिर के पास एनीकट मार्ग स्थित श्याम वाटिका में भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्तों सहित नगर के श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। श्याम मंदिर के चौदहवें एक दिवसीय वार्षिकोत्सव में श्री श्याम प्रभु का भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, फूलो की होली, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। मंदिर के स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने में समिति के रामनारायण मोदी, शिव मोदी, सुनील अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, नारायण मित्तल, दिनेश केडिया, राज अग्रवाल, किशोर मोदी, अंकित मोदी, घनश्याम मोदी, मनोज अग्रवाल, गजेन्द्र अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, किशन मित्तल, सतीश केडिया, विशाल केडिया, पवन सोमानी, आशीष गोयल, अजय बंसल, अविनाश मुरारका, विकास मोदी के अलावा श्याम बाबा सेवा समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित श्याम सखी मंडल तथा श्याम मित्र मंडल के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। श्याम बाबा की निशान एवं सिगड़ी यात्रा में बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित श्याम भक्त शामिल हुए।



जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

## जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को संवेदनशील होने की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सक्ती द्वारा ग्राम जल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायतों को जागरूक करने की आवश्यकता है। पेयजल संरचनाओं जल संरक्षण एवं संवर्धन,जल प्रबंधन के महत्व को समझना जरूरी है। ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है। पानी का सदुपयोग करने व दुरुपयोग रोकने, पानी का उपयोग करने की जानकारी दिया गया। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के कार्य, जल गुणवत्ता व पानी का सदुपयोग करने एवं पानी का महत्व व जल संकट के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वासु जैन, कार्यपालन अभियंता आई.पी.मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, सदस्य एवं समस्त विभाग प्रमुख को इस अभियान को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए आग्रह किया गया।

**खास बात**

- जल जीवन मिशन के तहत ग्राम जल जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित

## प्रधान पाठक के निधन पर पत्नी को दी गई 50 हजार की आर्थिक सहायता

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक देवलाल साहू का हाल ही में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से न केवल शैक्षिक जगत, बल्कि पूरे ग्राम में शोक की लहर है। साहू की सेवाओं को सम्मान देते हुए और उनके परिवार को संबल प्रदान करने हेतु शासन द्वारा निर्धारित 50 हजार की एग्रेसिया राशि उनकी धर्मपत्नी को प्रदान की गई। यह सहायता राशि विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ विजय कुमार लहरे, बड़े बाबू बजरंग कटकवार, शैक्षिक समन्वयक रामकिशोर साहू एवं अनिल कुमार शर्मा द्वारा ससम्मान उनके निवास पर पहुंचकर दी गई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। सभी ने स्व. देवलाल साहू के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया।



## बाल व्यक्तित्व विकास शिविर नशा मुक्त कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरौद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तिवारी पारा खरौद सेंटर के द्वारा बाल व्यक्तित्व विकास शिविर व नशा मुक्त भारत अभियान का कार्यक्रम आयाजित किया गया। 1 मई से 7 मई तक बच्चों का समर कैंप चला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खरौद नगर के अध्यक्ष गोविंद यादव, पार्षद हे कृष्ण साहू, पूर्व नगर अध्यक्ष भ्राता सुबोध शुक्ला उपस्थित रहे। बी.के. कुसुम दीदी, बी.के. धनेश्वरी बहन, बी.के. चंद्रकांता बहन द्वारा अतिथियों का तिलक, बैच और बुके देकर स्वागत किया। अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। समर कैंप में बच्चों को बी.के. कुसुम दीदी के द्वारा खेल-खेल में स्वयं की पहचान, अपने अंदर की शक्तियां एवं गुणों को बताया की मन- बुद्धि- संस्कार आत्मा की तीन शक्तियां हैं । परमात्मा ज्योति बिंदु निराकार है। परमात्मा का नाम, रूप, देश, काल आदि के बारे में बताए गए। परमात्मा की महिमा- ज्ञान का सागर है ,प्रेम का सागर है, सुख का सागर है, शांति का सागर है आदि। आध्यात्मिक ज्ञान देते हुए सृष्टि चक्र के बारे में बताए सतयुग त्रेता युग द्वापर युग कलयुग यह चार युग होता है। कलयुग के अंत और सतयुग के आदि को संगम युग कहा जाता है। अष्ट शक्तियां -समेटने की शक्ति ,सहन शक्ति, समाने की शक्ति ,परखने की शक्ति ,निर्णय शक्ति आदि के बारे में बताए। बी.के. खिलेश्वरी



बहन के द्वारा ओम ध्वनि ,प्रातः स्मरण , एकाग्रता ,आज्ञाकारिता, ईमानदारी ,आंतरिक सुंदरता (इनर ब्यूटी ) वफादार ,प्रेम ,समय का आदर करना चाहिए ये सभी क्लास में बताया गया। बी.के. सरोज बहन के द्वारा बच्चों को एक्टिविटी के साथ गेम कराया गया। फिर लास्ट दिन बच्चों को कंचा- चम्मच, बाल -बाल्टी ,कुर्सी- दौड़, आदि गेम कराए गए। खरौद सेंटर की मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी ने नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में बताया नशा जीवन का नाश करने वाला है। नशे से कोई समस्या का समाधान नहीं होता, नशा करने से और ही समस्याएं बढ़ने लगती हैं। शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक, आर्थिक समस्याएं और भी ज्यादा बढ़ रही है और घर नर्क बन जाता है। नशा छोड़ने के लिए हम धीरे-धीरे नशे के सेवन को कम करते जाए। इसकी जगह कुछ अच्छी आदतें डालें। इस कार्यक्रम में व्यसन मुक्ति के विषय पर बच्चों ने बहुत ही सुंदर नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें तंबाकू ,पान ,शराब, सिगरेट ,ड्रग्स , व्यसन राज और देवी आदि बने थे। बच्चों को कॉपी - पेन गिफ्ट दिए ।

## तीर्थ यात्रियों को नगर पालिका अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अकलतरा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आज अकलतरा विकासखंड के 50 श्रद्धालुओं को तीर्थयात्रा पर रवाना किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी ने तीर्थयात्रियों को तिलक लगाकर, फूल माला पहनकर एवं बस को हरी झंडी दिखाकर उनकी मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। तीर्थ यात्रियों को बस के माध्यम से जनपद पंचायत कार्यालय के सामने से चांपा के लिए रवाना किया गया जो चांपा में रेलगाड़ी के माध्यम से बैजनाथ धाम, गया जी सहित अनेक तीर्थ स्थलों की यात्रा कर देव दर्शन का लाभ प्राप्त करेंगे। तीर्थ यात्रियों को संबोधित करते हुए दीप्ति रोहित सारथी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बुजुर्गों एवं श्रद्धालुओं को प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा हेतु चलाई जा रही है, जिससे उन्हें निःशुल्क यात्रा का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर ग्राम तरौद के सरपंच संतोष भेड़पाल, नगर पालिका परिषद अकलतरा एवं जनपद पंचायत अकलतरा के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे। सभी ने तीर्थयात्रियों के सुखद एवं सुरक्षित यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।






